Amit Singh Negi
Secretary

Government of Uttarakhand

Department of Medical, Health and Family Welfare and Medical Education
Government of Uttarakhand
4 -Subhash Road, Dehradun

Letter No. 489/PS/Sec-MH/2020
Dated 25 **June. 2020**

सेवा में,

महानिदेशक,
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,
उत्तराखण्ड शासन।

विषयः डेंगू रोकथाम एंव नियंत्रण हेतु प्रचार प्रसार विषयक।

महोदय,

जैसा कि आप विदित ही है कि डेंगू राज्य में एक प्रमुख जन स्वास्थ्य समस्या के रूप में परिलक्षित हो रहा है। अतः आगामी माहों में डेंगू रोग के प्रसारित होने की सम्भावना को देखते हुए समस्त जनपदों में डेंगू रोग के समयान्तर्गत व प्रभावी रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु कार्यवाहियां की जानी है। जैसा कि आप विदित है कि घर व घर के आस–पास जमा हुए पानी इत्यादि में डेंगू रोग के मच्छरों के पनपने का खतरा बना रहता है। डेंगू रोग के मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए जन सहभागिता अत्यन्त आवश्यक है जिस हेतु निरन्तर व प्रभावी प्रचार प्रसार किया जाना एक ठोस कदम है। इसी क्रम में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्रांक 440/sec-MH/2020 दिनांक 04/06/2020 (संलग्न) द्वारा पूर्व मे प्रेषित पत्र का सन्दर्भ ग्रहण करते हुए आप अपने स्तर से डेंगू रोग के रोकथाम हेतु विभिन्न माध्यमों से प्रचार प्रसार करने का कष्ट करें। प्रचार प्रसार हेतु सामग्री, पत्र के साथ साफ्ट प्रति के रूप में उपलब्ध कराई जा रही है। आपसे अपेक्षा है कि आप डेंगू संक्रमण काल के दौरान निरन्तर विभिन्न माध्यमों एवं सोशल मीडिया द्वारा डेंगू रोकथाम एंव नियंत्रण हेतु निरन्तर प्रचार–प्रसार करें।

प्रचार प्रसार से सम्बन्धित निरन्तर रिपोर्ट राज्य एन0वी0बी0डी0सी0पी0 यूनिट को ई0मेल uknvbdcp@gmail.com पर प्रेषित करने का कष्ट करें।

संलग्नक यथोपरि।

(अमित सिंह नेगी)

पत्र संख्या : **तद्दिनांकित।**

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव प्रभारी, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
2. अपर सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
3. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड।
4. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड।
5. प्रभारी अधिकारी एन0वी0बी0डी0सी0पी0।

(अमित सिंह नेगी)

Scanned with CamScanner